Estd. : 1960

# श्रीअरविन्द महिला कॉलेज

## पटना

(पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई)

# COLLEGE NEWS BULLETIN

Accredited Grade 'B+' by NAAC



**प्रो. साधना ठाकुर**
प्राचार्या
श्री अरविन्द महिला कॉलेज, पटना



**डॉ. इन्द्रजीत सिंह**
माननीय कुलपति
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना



**श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर**
महामहिम राज्यपाल-सह-कुलाधिपति, बिहार

वर्ष : 4 अंक : 19-22 सितम्बर-दिसम्बर, 2024 पटना नि:शुल्क वितरण हेतु

## महर्षि श्री अरविन्द घोष की प्रतिमा का अनावरण

# श्री अरविन्द का जीवन-दर्शन व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की मुक्ति के लिए

– राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, महामहिम राज्यपाल



पटना, 20 सितम्बर

महर्षि श्रीअरविन्द घोष का जीवन हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। एक स्वतंत्रता सेनानी से लेकर एक अध्यात्मिक गुरु तक, उनका जीवन हर आयाम पर उत्कृष्टता का उदाहरण है। वे दर्शन और आध्यात्मिक विचारों के विश्व धरोहर हैं।

ये कहना है बिहार के माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर का। वे शुक्रवार को श्रीअरविन्द महला कॉलेज में महर्षि श्रीअरविन्द घोष की आवक्ष प्रतिमा के अनावरण करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.के.सिंह ने की, जबकि संचालन हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. शिवनारायण सिंह ने किया।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि महर्षि श्रीअरविन्द शिक्षा के महत्व को समझाते हुए अक्सर कहते शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी प्राप्त करना नहीं बल्कि मनुष्य के संपूर्ण विकास के लिए मार्ग-दर्शन करना भी है। शिक्षा मनुष्य की आत्मा के सौंदर्य को संवर्द्धित करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक सुख-सुविधाएँ जुटाना नहीं बल्कि आत्मा की पूर्णता की खोज करना भी है। राज्यपाल आर्लेकर ने इससे पूर्व कॉलेज परिसर स्थित हर्बल गार्डन का भी उद्घाटन सहित कॉलेज न्यूज बुलेटिन का लोकार्पण किया। कॉलेज न्यूज बुलेटिन का संपादन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. शिवनारायण, सहा. प्रो. गोपाल कुमार एवं सहा. प्रो. प्रिया कुमारी ने किया है।

अतिथियों का सम्मान प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य सूचना आयुक्त ब्रजेश मेहरोत्रा ने कहा कि आज की शिक्षा से दर्शन और अध्यात्म के तत्वों का लोप होता जा रहा है, इसलिए श्रीअरविन्दो का शिक्षा-दर्शन फिर से हमें मूल्यों की ओर लौटने का संदेश देगा। इसी से एक नए समाज के निर्माण में हमें मदद मिलेगी। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.के.सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि प्रत्येक दार्शनिक अंतत: एक शिक्षाविद और समाज का पथ प्रदर्शक होता है। महर्षि श्रीअरविन्द का मानना था कि सूचनात्मक ज्ञान कुशाग्र बुद्धि का आधार नहीं हो सकता।

समारोह के अंत में सेवानिवृत शिक्षकों के सम्मान सहित साठ छात्राओं को प्रो. उषा सिंह मेमोरियल स्कॉलरशिप प्रदान किया गया। इस अवसर पर शिक्षकेतर कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में प्रति कुलपति डॉ. गणेश महतो, कुलसचिव डॉ. एन.के. झा सहित बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय और विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्य मौजूद थे।



### लक्ष्य

हमारा लक्ष्य है–

- शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक गतिविधियों की ऐसी जीवंत संस्कृति का निर्माण करना जिससे छात्राएं आत्म-विश्वासी, आत्म-निर्भर, स्वावलंबी, जिम्मेवार और सशक्त बनें।
- लोगों के सोचने का तरीका बदलना- छात्राओं को सोचने के सीमित तरीकों से मुक्त होने हेतु प्रोत्साहित करना ताकि वे नए अवसरों और चुनौतियों का सामना कर सकें।
- उच्च शिक्षा के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु छात्राओं को बाजारोन्मुख व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करना।
- छात्राओं को लचीला, अधिक गतिशील, और प्रबंधनीय बनाना, ऐसे अग्रणी नेता तैयार करना जो न केवल पेशेवर हों बल्कि मूल्यों और संस्कारों से पूरित बेहतर मनुष्य हों।

### दृष्टि

असतो मा सद्गमय
तमसो मा ज्योतिर्गमय
मृत्योर्मा अमृतं गमय

- यहाँ हमारा तात्पर्य मानव शरीर के अमरत्व से नहीं, बल्कि मानवीय विचारों, रिवाजों, मानवीय चिंतन और प्रशिक्षण से है, जो छात्राओं को दिया जाता है, जिसे आने वाली पीढ़ियों तक जीवित रहना चाहिए...

हमारी दृष्टि है–

- छात्राओं के मन और मस्तिष्क को प्रेरित करना, समाज के कल्याण में सहयोग देने हेतु उन्हें सशक्त बनाना, अर्थव्यवस्था की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को ढालने हेतु प्रशिक्षित करना, सांस्कृतिक नेतृत्व के लिए तैयार करना, सभी के लिए शांति, सद्भाव और समृद्धि सुनिश्चित करना और कॉलेज को पटना, बिहार के सबसे रचनात्मक और नवोन्मेषी महा- विद्यालयों में से एक बनाना-एक ऐसी संपत्ति जिसकी पटना क्षेत्र को तत्काल आवश्यकता है।

### महाविद्यालय की विशेषताएँ

- नियमित वर्ग संचालन
- स्मार्टबोर्ड युक्त कक्षाएँ
- प्रबुद्ध शिक्षकगण
- व्यावसायिक पाठ्यक्रम उपलब्ध
- नामांकन व परीक्षा संबंधी कार्यों की ऑनलाइन सुविधा
- अकादमिक कैलेण्डर
- आधुनिक सुसज्जित विज्ञान प्रायोगशाला
- ओटोमेटेड लाइब्रेरी
- आधुनिक सुसज्जित ऑडिटोरियम, सभागार व सम्मेलन-कक्ष
- शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक कार्यक्रमों का नियमित संचालन
- ड्रेस कोड
- पूछताछ काउन्टर
- बहुद्देश्यीय काउन्टर
- आधुनिक सुविधाओं से लैस छात्रावास
- नियमित कैरियर काउन्सिलिंग
- पीयर टीचिंग सेल व प्रतियोगिता परीक्षाओं हेतु गाइडेंस सेल
- भाषिक कौशल संवर्द्धन हेतु लिंग्वा लैब
- न्यूज बुलेटिन/स्मारिका/शोध-पत्रिका का नियमित प्रकाशन
- सक्रिय एन. एस. एस. व एन. सी. सी. टीम
- विशाल खेलकूद मैदान
- सुसज्जित कॉमन रूम
- पालना घर
- जिम (व्यायामशाला) की सुविधा
- समृद्ध बोटेनिकल गार्डेन
- सौर ऊर्जा प्लांट
- रेनवाटर हारवेस्टिंग प्लांट
- वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट
- शिकायत एवं सुझाव पेटी
- दिव्यांगों हेतु रैम्प व लिफ्ट की सुविधा




**संरक्षक**

**प्रो. साधना ठाकुर**

प्राचार्या

**मुख्य संपादक**



**डॉ. शिवनारायण सिंह**

अध्यक्ष, हिन्दी विभाग

**संयुक्त संपादक**



**श्री गोपाल कुमार**

असि. प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग



**डॉ. प्रिया कुमारी**

असि. प्रोफेसर, हिन्दी विभाग


# प्राचार्या की कलम से...




प्रिय छात्राओं, संकाय सदस्यगण और पाठकगण,

मुझे यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि श्रीअरविंद महिला कॉलेज का सितम्बर-दिसम्बर 2024 का संयुक्त न्यूज बुलेटिन आपके समक्ष प्रस्तुत है। इस अंक के माध्यम से महाविद्यालय की महत्वपूर्ण गतिविधियों, उपलब्धियों और हमारे सतत विकास के सफर को साझा करना हमारे लिए प्रसन्नता का विषय है।

माह सितम्बर महाविद्यालय के लिए कई दृष्टिकोण से काफी गौरवपूर्ण रहा है। इस महाविद्यालय की नींव महान दार्शनिक और विचारक महर्षि अरविन्द के विचारों को आत्मसात कर रखी गयी है। इसी महीने बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति महोदय के द्वारा हमारे प्रेरणा स्रोत महर्षि अरविन्द की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। साथ ही, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थानों की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने वाली स्वायत्त संस्था राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (NAAC) की टीम का दौरा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह मूल्यांकन न केवल हमारी संस्थागत गुणवत्ता की परख थी, बल्कि हमारे सतत प्रयासों, समर्पण और सामूहिक सहभागिता का भी परिचायक था। NAAC टीम ने महाविद्यालय के विविध शैक्षणिक, प्रशासनिक, सह-पाठ्यक्रमीय और बुनियादी ढांचे से संबंधित आयामों का निरीक्षण किया। इस दौरान हमारे शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और प्रबंध समिति ने जिस सहयोग, अनुशासन और एकता का प्रदर्शन किया, वह अत्यंत सराहनीय है। साथ ही, अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि हमने आत्ममूल्यांकन की एक परिपक्व यात्रा तय की है, जो हमें भविष्य में और बेहतर बनने की प्रेरणा देगी।

इससे इतर चार महीनों में महाविद्यालय ने और भी कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों के आयोजन में हमारी छात्राओं और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही है। इन आयोजनों ने न केवल हमारे छात्राओं के शैक्षणिक ज्ञान में वृद्धि की है, बल्कि उनके व्यक्तित्व के विकास और कौशल संवर्द्धन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

हमारे महाविद्यालय की छात्राओं ने इस अवधि में आयोजित परीक्षाओं खेलकूद, कला और अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह उनकी कड़ी मेहनत, लगन और संकल्प का परिणाम है। मुझे गर्व है हमारी छात्राएं न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर रही हैं।

इस अवधि में हमने कई कार्यशालाओं और सामाजिक सेवा के कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनमें छात्राओं ने न केवल ज्ञान अर्जित किया बल्कि समाज की सेवा के महत्व को भी समझा। यह हमारे महाविद्यालय की उस विचारधारा को प्रतिपादित करता है जिसमें शिक्षा के साथ-साथ नैतिक और सामाजिक मूल्यों का समावेश भी अनिवार्य है। यह छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए भी आवश्यक है।

मैं इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्यों, कर्मियों और हमारी प्रिय छात्राओं को उनके निरंतर सहयोग और समर्पण के लिए धन्यवाद देना चाहती हूँ। आप सभी को योगदान और समर्थन से ही हम इस महाविद्यालय को उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर अग्रसर रख पाए हैं।

अंत में, मैं महाविद्यालय के संपादकीय टीम को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद देना चाहती हूँ, जिन्होंने महाविद्यालय की सभी गतिविधियों और उपलब्धियों को सुंदरता से प्रस्तुत किया है। मुझे आशा है कि आप सभी इस अंक का आनंद लेंगे और महाविद्यालय को उन्नति में अपना योगदान देते रहेंगे।

समस्त मंगल कामनाओं के साथ!!

साधना ठाकुर

**प्रो॰ ( डॉ. ) साधना ठाकुर**

# Academic & Extra Curricular Activities in Our College










## (September -2024)

| S.No. | Date | Title of Event | Organizing Department |
|---|---|---|---|
| 1. | 02.09.2024 | Quiz Contest | English |
| 2. | 05.09.2024 | Celebration of Teachers' Day | All Department |
| 3. | 06.09.2024 | A Discussion on Clean & Inclusive Urban Transportation System in Bihar | Department of Geography in collaboration with Climate Agena |
| 4. | 07.09.2024 | Free Health Camp and Physio Talk on the occasion of World Physiotherapy Day | Health Centre in collaboration with Physio Art Welfare Foundation |
| 5. | 0709.2024 | A Talk on Banking System and Indian Economy | Department of Economics under the aegis of IQAC |
| 6. | 12.09.2024 | Awareness Session on "Suicide Prevention" | Psychology |
| 7. | 18.09.2024 | Hindi Day Celebration | Hindi |
| 8. | 20.09.2024 | Sthapna Diwas Samaroh | College Administration |
| 9. | 23.09.2024 | Poster Presentation on Indian Political System | Political Science |
| 10. | 25.09.2024 | Departmental Seminar on Ethology: Animal Behaviour | Zoology |
| 11. | 25-26.09.2024 | NAAC Peer Team Visit | IQAC |
| 12. | 30.09.2024 | Placement Drive | Career Counseling and Placement Cell |

## (October -2024)

| S.No. | Date | Title of Event | Organizing Department |
|---|---|---|---|
| 1. | 02.10.2024 | Online quiz on Gandhi ji's and Shastri ji's Birthday | Departmental of Political Science |
| 2. | 07.10.2024 | Awareness Session on Mental Illness | Psychology |
| 3. | 08.10.2024 | Dandiya Contest | Cultural Committee |
| 4. | 22.10.2024 | Awareness Session on Dial 112 | NSS |
| 5. | 23.10.2024 | Inauguration of Bhartiya Mahila Yuwa Parishad & Plantation Drive | NSS |
| 6. | 24.10.2024 | Celebration of United Nations Day | Department of Political Science |
| 7. | 26.10.2024 | Departmental Seminar on Concept of Biodiversity & its Conservation | Department of Zoology |
| 8. | 28.10.2024 | Cleanliness Drive, Rally & Slum Area Visit | NSS |

## (November -2024)

| S.No. | Date | Title of Event | Organizing Department |
|---|---|---|---|
| 1. | 14.11.2024 | Rally on Awareness for Plastic Free Environment | NSS |
| 2. | 19.11.2024 | State Level Painting Competition on Awareness on AIDS | NSS |
| 3. | 21.11.2024 | Certificate Distribution Ceremony | Career Counseling & Placement Cell |
| 4. | 22.11.2024 | Workshop on Voters Awareness | Electoral Literacy Club |
| 5. | 23.11.2024 | Free Eye Check Up Camp | Health Centre |
| 6. | 23.11.2024 | Health Meter Camp 2024 | Home Science |
| 7. | 25.11.2024 | Quiz and Rally on Constitution Day | Pol. Science & NSS |
| 8. | 26.11.2024 | Job Utsav | Career Counseling & Placement Cell |
| 9. | 26.11.2024 | Departmental Seminar on Prokaryotic Replication | Zoology |
| 10. | 27.11.2024 | World Wide Speech Competition on Gandhi | Pol. Science |
| 11. | 29.11.2024 | Departmental Seminar on Vedantic Ethics | Zoology |













# Academic & Extra Curricular Activities in Our College

## (December, 2024)








| S.No. | Date | Title of Event | Organizing Department |
|---|---|---|---|
| 1. | 01.12.2024 | Awareness Session on World AIDS Day | NSS |
| 2. | 05.12.2024 | Recruitment and Electronic Payment related Awareness Campaign | Career Counseling & Placement Cell in collaboration with RBI |
| 3. | 6-7.12.2024 | PPU Inter College Kho-Kho (Female) Tournament 2024 | Sport's Committee |
| 4. | 07.12.2024 | Plantation Drive | NSS |
| 5. | 10.12.2024 | International Human Rights Day | NSS in Collaboration with AIYC |
| 6. | 12.12.2024 | Departmental Seminar on Organization of Prokaryotic and Eukaryotic | Zoology |
| 7. | 17.12.2024 | Abhinandan Samaroh | College Administration |
| 8. | 21.12.2024 | Meditation Session on the occasion of World Meditation Day | Department of Philosophy under the aegis of IQAC |









## Quiz Contest

The Department of English conducted a Quiz on 2/09/2024. The students were from Semester I and Semester III of the English department. There were three teams by the names of Toru Dutt, Rabindranath Tagore and Sarojini Naidu. Twenty questions were set, related with particularly English literature. All the faculty members were present. It was conducted by Dr. Norah N. Shaw and Dr. Sarita Sinha. The team which won was Toru Dutt in which the participants were Mahroz Fatima, Madhavi Kumari and Shiv Priya. The participants in Sarojini Naidu team were Sonali Pandey, Mansi Kumari and Priya Bharti. The Rabindranath Tagore team had Zohra Rabbani, Pallavi kumari and Amrita Kumari. The vote of thanks was given by Dr. Pratima Kumari.




## श्री अरविंद महिला कॉलेज, पटना में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

श्री अरविंद महिला कॉलेज, पटना में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सभी विभागों की छात्राओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया, जिसमें कॉलेज की प्राचार्य प्रो. साधना ठाकुर, सभी शिक्षक, गैर–शिक्षण कर्मचारी और 500 से अधिक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य प्रो. पूनम चौधरी, प्रो. आशा त्रिपाठी, डॉ इंदु प्रभा सिंह,डॉ. प्रेम कुमारी, डॉ. रीता सिंह, डॉ सरिता कुमारी और डॉ. प्रभा मिश्रा जैसी सेवानिवृत्त शिक्षिकाओं को आमंत्रित किया गया था। इन सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को प्राचार्य द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम और भी खास बन गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में छात्राओं ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए कविताएँ पढ़ीं और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्राओं ने नृत्य, संगीत, और भाषणों के माध्यम से शिक्षकों के योगदान को याद किया और उन्हें आभार प्रकट किया।

प्राचार्य प्रो. साधना ठाकुर ने अपने उद्‌बोधन में शिक्षकों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षक ही समाज का निर्माण करते हैं और विद्यार्थियों के भविष्य को सँवारने में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। पूर्व प्राचार्य प्रो. पूनम चौधरी और अन्य सेवानिवृत्त शिक्षकों ने भी अपने विचार साझा किए और छात्राओं को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जिससे उन्हें उनके दीर्घकालीन योगदान के लिए कृतज्ञता व्यक्त की गई। इसके अतिरिक्त, भौतिकी विभाग, प्राणीशास्त्र विभाग और हिंदी विभाग द्वारा भी विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों और छात्राओं ने मिलकर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया।

## कॉलेज में बैंकिंग व्यवस्था और भारतीय अर्थव्यवस्था पर व्याख्यान

कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा बैंकिंग व्यवस्था और भारतीय अर्थव्यवस्था विषय पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में एम. डी. कॉलेज, नौबतपुर के सहायक प्राध्यापक श्री अंकित कुमार ने महाविद्यालय में उपस्थिति दर्ज की और बैंकिंग क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता से छात्राओं को अवगत कराया। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था में बैंक की महत्वपूर्ण भूमिका पर गहराई से प्रकाश डाला। साथ ही, वर्तमान परिदृश्य में बैंकिंग क्षेत्र में उभरती चुनौतियों और अवसरों की भी चर्चा की, जो छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी रही।

प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने भारतीय रिजर्व बैंक की भूमिका और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आर.बी.आई. भारतीय वित्तीय प्रणाली का प्रमुख स्तंभ है, जो देश की अर्थव्यवस्था को स्थिर और सशक्त बनाए रखने में मदद करता है। विभागाध्यक्ष डॉ. आर. सी. पी. सिंह ने छात्राओं को बैंकिंग क्षेत्र से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।



## हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह में व्याख्यान सह पुस्तक लोकार्पण

श्रीअरविंद महिला कालेज के स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग द्वारा प्रो. शिव नारायण सिंह की अध्यक्षता में हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह में व्याख्यान सह पुस्तक लोकार्पण हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त श्री ब्रजेश मेहरोत्रा और प्रसिद्ध कवि आलोक धन्वा ने चर्चित लेखक श्रीराम तिवारी द्वारा लिखित पुस्तक 'जीवनीकार अशोक कुमार सिन्हा' का लोकार्पण किया। चर्चित लेखक-पत्रकार डॉ ध्रुव कुमार ने आरंभ में बतौर मुख्य वक्ता पुस्तक परिचय दिया, तो कालेज की प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने स्वागत भाषण किया।

इस अवसर पर चर्चित लेखिका ममता मेहरोत्रा, श्रीराम तिवारी, अशोक कुमार सिन्हा आदि ने पुस्तक पर विस्तार से अपनी बातें रखी। समारोह का संचालन हिन्दी की सहायक प्रोफेसर डॉ प्रिया कुमारी ने किया, तो अंत में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ बलिराजी मौर्या ने धन्यवाद ज्ञापन किया। समारोह में बड़ी संख्या में लेखक, पत्रकार, कलाकार आदि उपस्थित रहे।




## हरित सफर अभियान के तहत कॉलेज में "कैंपस मीट" तथा स्वच्छ और समावेशी यातायात के विषय पर संगोष्ठी का आयोजन




आज दिनांक 06 सितम्बर 2024 को क्लाइमेट एजेंडा द्वारा संचालित हरित सफर अभियान के अंतर्गत कैंपस मीट का आयोजन श्री अरविन्द महिला कॉलेज, पटना के भूगोल विभाग के साथ संयुक्त संयोजन के साथ किया गया। इसका मुख्य विषय शहरी यातायात प्रणाली को स्वच्छ एवं समावेशी बना सकने के उपायों पर केन्द्रित रखा गया था।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने अपने वक्तव्य में छात्राओं को अधिक से अधिक पैदल चलने और साइकिल के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया।

## "Ethology, : Animal Behaviour" पर विभागीय संगोष्ठी का आयोजन

श्री अरविंद महिला कॉलेज, पटना के जंतु विज्ञान विभाग में 25 सितंबर 2024 को "Ethology, Animal Behaviour" विषय पर एक विभागीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में जंतु विज्ञान विभाग की लगभग 25 छात्राओं ने भाग लिया और पशु व्यवहार के विविध पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

संगोष्ठी की अध्यक्षता और संचालन जंतु विज्ञान विभाग के अध्यक्षडॉ. राकेश कुमार सिंह द्वारा किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. राकेश कुमार सिंह ने एथोलॉजी के महत्व और पशु व्यवहार की वैज्ञानिक समझ पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि पशु व्यवहार का अध्ययन न केवल उनके अस्तित्व और अनुकूलन को समझने में सहायक है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## डांडिया उत्सव

नवरात्र के पावन अवसर पर प्रभात खबरऔर ट्रेंड्स के संयुक्त तत्वावधान में श्री अरविंद महिला कॉलेजमें डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में सजकर डांडिया के गीतों पर थिरकते हुए पूरे वातावरण को उल्लास और उत्साह से भर दिया। कॉलेज कैंपस में 'नव उत्सव' थीम पर आधारित सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था, जो छात्राओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने कहा इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्राओं में न केवल उत्साह बढ़ता है, बल्कि उनकी सांस्कृतिक और सामाजिक समझ भी विकसित होती है।

## 112 नंबर उपयोग के संदर्भ में जागरूकता सत्र का आयोजन

श्री अरविंद महिला कॉलेज, पटना में आज बिहार राज्य पुलिस की डायल 112 की टीम और कॉलेज की NSS की यूनिट 1 एवं यूनिट 2 के संयुक्त तत्वावधान में 112 आपातकालीन सेवा नंबर के उपयोग के संबंध में एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।

प्राचार्या प्रो साधना ठाकुर ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए 112 नंबर की महत्ता पर बल दिया और एस पी पूनम केशरी ने सेवाओं के एकीकरण और उसके उपयोग की प्रक्रिया को समझाया। सत्र के दौरान सब इंस्पेक्टर जय श्रीवन कुमारी और कांस्टेबल सरिता कुमारी ने विस्तार से बताया कि 112 नंबर पुलिस, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस, और अन्य आपात सेवाओं को एकीकृत करने के लिए है, जिसे किसी भी समय डायल करके सहायता प्राप्त की जा सकती है। कॉलेज की NSS इकाई की प्रोग्राम ऑफिसर गीता कुमारी ने भी इस अवसर पर छात्राओं को सामाजिक सुरक्षा और आपातकालीन सेवाओं के बारे में जानकारी दी।

## एनएसएस इकाई द्वारा 'स्वच्छता अभियान' का सफल आयोजन

श्री अरविंद महिला कॉलेज, पटलिपुत्र विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की इकाई 1 और 2 की स्वयं सेवक छात्राओं ने आज 'स्वभाव स्वच्छता और संस्कार स्वच्छता' की थीम पर एक स्वच्छता रैली का आयोजन किया। यह रैली समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से निकाली गई।

इस अभियान के अंतर्गत स्वयं सेवकों ने काजीपुर स्लम एरिया में जाकर स्वच्छता के महत्व पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया। एनएसएस प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डॉ. गीता कुमारी और प्रोग्राम ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. सपना बरुआ ने इस सत्र का नेतृत्व किया।




## NAAC PEER Team द्वारा महाविद्यालय का आकलन संपन्न, सुझाव और अनुशंसाएं प्रस्तु

में NAAC PEER Team द्वारा आकलन प्रक्रिया संपन्न की गई। इस अवसर पर टीम ने महाविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक और अवसंरचनात्मक पहलुओं का निरीक्षण किया और मूल्यांकन किया। छ।।ब च्ममत ज्मंउ की अध्यक्षता प्रो. सुदेश छिकारा एवं प्रो. सविता शेटे ने की। आकलन के उपरांत टीम ने निम्नलिखित महत्वपूर्ण अनुशंसाएं दीं। शैक्षणिक और गैर–शैक्षणिक स्टाफ की रिक्तियों को शीघ्रता से भरने पर विशेष ध्यान दिया गया है ताकि संस्थान की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार हो सके।

महाविद्यालय को ऑनलाइन पाठ्यक्रमों (MOOC) के विकास पर और अधिक कार्य करने का सुझाव दिया गया है, ताकि विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की शिक्षा प्राप्त हो सके। प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं की तैयारी के लिए महाविद्यालय को प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सहयोग करने की सलाह दी गई है। विज्ञान के क्षेत्र में भी इस प्रकार की व्यवस्था को लागू करने की आवश्यकता बताई गई है। टीम ने महाविद्यालय की प्रयोगशालाओं में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि विज्ञान और अन्य तकनीकी विषयों की शिक्षा में सुधार हो सके। NAAC Peer Team ने महाविद्यालय के प्रयासों की सराहना की और विभिन्न क्षेत्रों में विकास के लिए मार्गदर्शन किया। महाविद्यालय प्रशासन ने टीम के सभी सुझावों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।





## अखिल भारतीय महिला परिषद की बिहार शाखा द्वारा भारतीय महिला युवा परिषद् केंद्र का उद्घाटन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण

महाविद्यालय में अखिल भारतीय महिला परिषद की बिहार शाखा द्वारा भारतीय महिला युवा परिषद केंद्र का उद्घाटन श्रीमती माया लाल ने किया।इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या प्रो साधना ठाकुर ने बताया कि इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य युवाओं, विशेषकर छात्राओं, को समाज सेवा से जोड़ना और उन्हें सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना है। प्रो आशा त्रिपाठी ने बताया कि कॉलेज की साइंस फैकल्टी की मेधावी छात्राओं की तीन वर्ष की शिक्षा से संबंधित व्यय इस संस्था द्वारा दिए जाएंगे।

इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय महिला परिषद की बिहार शाखा के सदस्य प्रो कुमकुम रानी, प्रो सुनीता प्रो उषा झा, डॉ रीना सहाय, डॉ सपना बरुआ सहित कॉलेज की कई छात्राएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर डॉ सपना बरुआ को कॉलेज में स्थापित इस केंद्र का समन्वयक बनाया गया। जिन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए युवाओं की समाज में सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर विशेष ध्यान दिया। इसके साथ ही कॉलेज की NSS की छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

## महाविद्यालय में हुआ प्रमाण पत्र वितरण समारोह

श्रीअरविंद महिला कॉलेज के करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के द्वारा महिंद्रा प्राइड क्लासरूम कार्यक्रम के पांचवे बैच की सफल छात्राओं का प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सेल की प्रमुख डॉ विमी सिंह ने बताया कि इस 6 दिवसीय रोजगार कुशलता प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रथम स्थान साक्षी कुमारी, बी.कॉम, दूसरा स्थान सारिका कुमारी, अंग्रेजी ऑनर्स, तथा तीसरा स्थान हितेशना, बी.कॉम को मिला। कुल 40 छात्राओं ने इस प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा किया।

कार्यक्रम का संचालन आदित्य भारद्वाज द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन गोपाल कुमार ने किया।



## विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता अभियान आयोजित

आज दिनांक 01 दिसंबर, 2024 को श्री अरविंद महिला कॉलेज, काजीपुर, पटना की NSS यूनिट 1 एवं 2 ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान में कॉलेज के शिक्षकों और NSS वॉलेंटियर्स ने वीडियो संदेशों के माध्यम से एड्स और एचआईवी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और इसके प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया।

इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या ने अपने संदेश में कहा, 'एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इससे जुड़ी सामाजिक बाधाओं को तोड़ना हमारा नैतिक दायित्व है। इससे संबंधित सही जानकारी और बचाव के उपाय हर किसी तक पहुंचने चाहिए।'

कार्यक्रम के आयोजन में NSS कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता कुमारी और आयोजन सचिव डॉ. सपना बरुआ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## महाविद्यालय द्वारा 'प्लास्टिक मुक्त अभियान' का आयोजन

श्री अरविंद महिला कॉलेज, पटना के एनएसएस स्वयंसेवकों ने 14 नवम्बर 2024 को बाल दिवस के अवसर पर प्लास्टिक मुक्त अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य समाज में प्लास्टिक के प्रयोग को कम करना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था।

इस अभियान के मुख्य आयोजक डॉ. सपना बरुआ (आयोजन सचिव) और डॉ. गीता कुमारी (समन्वयक) थे। इस पहल का मार्गदर्शन प्रो. साधना ठाकुर (प्राचार्य और संयोजक) ने किया। इस अवसर पर श्री अरविंद महिला कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों और कॉलेज के छात्राओं ने दिनकर चौक, पटना में एक रैली निकाली, जिसमें प्लास्टिक के खतरों के बारे में जनता को जागरूक किया गया और उन्हें प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करने के लिए प्रेरित किया गया।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

महाविद्यालय के हेल्थ सेंटर द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में देवता आई हॉस्पिटल के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. विजय कुमार शर्मा ने छात्राओं की नेत्र जांच की।

इस शिविर में कुल 150 छात्राओं की जांच की गई, जिनमें लगभग 24 छात्राओं की आंखों में विभिन्न समस्याएं पाई गईं।

## संविधान दिवस के अवसर पर आयोजन

दिनांक 25.11.2024 को श्री अरविंद महिला कॉलेज में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएसएस इकाई 1 एवं 2 और राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रस्तावना पाठ, मूल कर्तव्यों का पाठ, और क्विज प्रतियोगिता जैसे गतिविधियाँ शामिल थीं। इसके अतिरिक्त, रैली का आयोजन कर लोगों को भारतीय संविधान के मूल कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संविधान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

## अभिनन्दन समारोह का आयोजन

आज दिनांक 17.12.2024 को श्री अरविंद महिला कॉलेज, काजीपुर, पटना में माननीय सदस्य, बिहार विधान परिषद, श्रीमती मुन्नी देवी जी के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत के माध्यम से माननीय अतिथि का हार्दिक स्वागत किया। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने श्रीमती मुन्नी देवी को प्रतीक चिह्न, शॉल, और पौधा भेंट कर सम्मानित किया।प्रो. साधना ठाकुर ने अपने स्वागत भाषण में कॉलेज संपर्क पथ निर्माण हेतु फंड उपलब्ध करवाने और शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रीमति मुन्नी देवी संघर्ष की प्रतिमूर्ति हैं और उनके संघर्ष से छात्राएं सीख लेकर जीवन में उच्च स्थान प्राप्त कर सकती हैं। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. शिवनारायण सिंह ने उनकी सादगी, छात्राओं के प्रति स्नेह और उनके 'शून्य से शिखर' तक के प्रेरणादायक सफर की चर्चा की।

बिहार विधान परिषद के माननीय सदस्य श्रीमती मुन्नी देवी जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश की बेटियां सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि पहले बेटियों के लिए शिक्षा का द्वार बंद था, लेकिन अब वे हर क्षेत्र में अग्रसर हैं। उन्होंने बेटियों को आत्मनिर्भर बनने और मेहनत को सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने कहा कि बेटियां न केवल लक्ष्मी हैं, बल्कि सरस्वती भी हैं।





